Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to bring 'Sangam Kshetra' and historical fort in Prayagraj under the control of Archaeological Survey of India-laid.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर) : मेरा संसदीय क्षेत्र फूलपुर, जनपद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में देश व विदेशों से लाखों पर्यटक आते हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये गंगा-यमुना एवं सरस्वती का पावन तट (संगम क्षेत्र) एवं मुगल शासक अकबर के ऐतिहासिक किले को सेना के नियंत्रण से मुक्त कराकर 'भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण' को सौपा जाए। इस किले में प्राचीन 'अक्षयवट' का वृक्ष भी स्थित है, जो भारतीय सेना के नियंत्रणाधीन है। सेना के नियंत्रण में होने के कारण इसका रख-रखाव एवं प्रचार-प्रसार उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पा रहा है। मैं आदरणीय मोदी जी को बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हूं, जिन्होंने उपरोक्त अक्षयवट वृक्ष जिस पर पूरे देशवासियों की श्रद्धा है, स्वयं पधारकर जनमानस हेतु मेले के समय दर्शन करने के लिए सुलभ कराया था।

मैं प्रयागराज की जनता की तरफ से अनुरोध करती हूं कि गंगा-यमुना एवं सरस्वती के पावन तट (संगम क्षेत्र) एवं अकबर के ऐतिहासिक किले को आगरा के किले की भांति 'भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण' को सौंपा जाए, जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिले एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।